**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में कल स्वतंत्रता दिवस के समारोह की तैयारियों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
2. पूरे द्वीपसमूह में आज से 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज 2026' पर कार्यशालाओं की श्रृंखला शुरू की जा रही है।
3. दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कल जिला कार्यालय में स्थापित पंजीकरण सेल का उद्घाटन किया ।
4. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार कमान की ओर से लाइव बैंड कन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में कल स्वतंत्रता दिवस के समारोह की तैयारियों के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारू और सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान अंतर–विभागीय समन्वय, सौंपे गए कार्यों के समयबद्ध निष्पादन, स्थल की तैयारी, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, सजावट, बैठने की व्यवस्था, जनसुविधाओं और अन्य आवश्यक लॉजिस्टिक्स आवश्यकताओं पर विशेष बल दिया गया। संबंधित विभागों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने और लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए गए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन पूरे द्वीपसमूह में 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज 2026' पर कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों, युवाओं और उभरते डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को इस राष्ट्रीय पहल में भाग लेने और द्वीपसमूह की अनूठी कहानियों, संस्कृति, विरासत और पर्यटन

क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह उन छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल है, जिन्हें पायलट चरण के लिए चुना गया है। इस चुनौती के तहत, प्रतिभागियों को WAVES OTT प्लेटफॉर्म के MyWAVES सेक्शन के माध्यम से 1 से 3 मिनट की अवधि की मूल डिजिटल सामग्री बनाकर 31 अगस्त तक जमा करनी होगी। जिला स्तर पर 50 हजार रूपये, राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर 2 लाख और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रविष्टियों को 5 लाख रूपये प्रदान किए जाएंगे। श्री विजयपुरम के लिए विभिन्न कॉलेजों में आज सुबह साढ़े नौ बजे से कार्यशाला आयोजित होगा। इसके अलावा द्वीपों के विभिन्न स्थानों पर निर्धारित तिथियों और समय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्षा एम. वसंता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. वेत्रिचेलु ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नगरपालिका परिषद द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न 'स्मार्ट सिटी' व अन्य जारी परियोजनाओं तथा कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय ने कैम्पबेल बे में एक ट्रक के दुर्घटनावश डूब जाने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आईएनएस बाज़ की डाइविंग टीम ने डूबे हुए वाहन को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया, जिससे आवश्यक यात्री और कार्गो सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित हुई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कल जिला कार्यालय में स्थापित पंजीकरण सेल का उद्घाटन किया। यह पहल नागरिक–केंद्रित शासन को मजबूत करने तथा आम जनता के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग में सुधार लाने के जिला प्रशासन के प्रयासों का एक हिस्सा है। यह सेल नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे पंजीकरण प्रक्रियाओं को अधिक आसानी और कुशलता से पूरा कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य सरकारी सेवाओं

तक पहुँच को सरल बनाना, असुविधा को कम करना और नागरिकों के लिए समग्र सेवा वितरण अनुभव में सुधार करना है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार कमान की ओर से फ्लैग प्वाइंट पर कल और 14 अगस्त को लाइव बैंड कन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम साढ़े चार बजे से आयोजित होगा। इसके अलावा भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और जहाजरानी सेवा निदेशालय के जहाजों पर कल से 15 अगस्त तक शाम 5 बजकर 45 मिनट से रोशनी की जाएगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार के निर्देशानुसार, सूचना साझाकरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और डेटाबेस बनाए रखने के लिए दक्षिण अंडमान जिले के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत विवरण जमा करने को कहा गया है। पंजीकृत सभी सोसायटियों, समितियों, युवा क्लबों, गैर सरकारी संगठनों, मंदिर समितियों, महिला मंडलों, चर्च, मस्जिदों, और स्कूलों को वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट, पैन विवरण, बैंक खाता संख्या और पदाधिकारियों की सूची तीस दिनों के भीतर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, जिला उपायुक्त कार्यालय के साथ पंजीकृत सभी सोसायटियों के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए एनजीओ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कर और 30 दिनों के भीतर इसकी पुष्टि जमा करना आवश्यक है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2016 से इन द्वीपों में कार्यान्वित की जा रही है। योजना का उद्देश्य अप्रत्याशित प्राकृतिक घटनाओं के तहत पंजीकृत किसानों को बीमा कवर प्रदान करना है। यह योजना कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को सुनिश्चित करती है और किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करती है। द्वीपसमूह के तीनों जिलों में खरीफ 2026 सीजन के लिए धान PMFBY के तहत अधिसूचित फसल है। योजना के तहत नामांकित सभी किसानों को भूमि रिकॉर्ड या प्रशासन द्वारा अधिसूचित अन्य दस्तावेज 31 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है। किसानों को अपने संबंधित क्षेत्र

के भारतीय स्टेट बैंक या सहकारी बैंक में भूमि दस्तावेजों के साथ संपर्क कर योजना के तहत अपना नामांकन कराना होगा। राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर स्वयं भी पंजीकरण किया जा सकता है। नामांकन के बाद, फसल को हुए किसी भी नुकसान की सूचना बीमित किसान सीधे, 72 घंटों के भीतर कार्यान्वयन एजेंसी, संबंधित बैंक या स्थानीय कृषि विभाग को दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केंद्र – कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, ब्रुक्शाबाद, में अस्थायी नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर (क्लीनिकल साइकोलॉजी) लेक्चरर (फिजियोथेरेपी), लेक्चरर (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) और क्लीनिकल असिस्टेंट के एक–एक पद शामिल है। चयनित सभी उम्मीदवारों को एकमुश्त राशि दी जाएगी। अधिक जानकारी विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उधर, जी बी पंत अस्पताल के नर्सिंग स्कूल में नर्सिंग ट्यूटर के के तीन पदों पर अल्पकालिक संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में 31 अगस्त को सुबह 10 बजे सीधे साक्षात्कार लिया जाएगा। दस्तावेजों का सत्यापन कार्य कल से 25 अगस्त तक होगा। आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 50 हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा।

<><><><><><><>